1759. लॉक डाउन में जिन श्रमिकों ने रोजगार खो दिया उन्हें काम दिलाने में सहायता करने के लिए और उद्योगों का श्रमिक उपलब्ध कराने में मदद करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक पोर्टल प्रारम्भ किया है। उस पोर्टल का नाम है।

(a) कुशल श्रमिक पोर्टल (b) राज कौशल पोर्टल
(c) श्रमिक-उद्योग पोर्टल (d) रोजगार-बजार पोर्टल

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (b) : राजस्थान राज्य के निवासियों को घर के नजदीक रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु तथा विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अपेक्षित योग्य श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज कौशल योजना शुरू किया गया है।

1760. मनरेगा कार्यक्रम का क्रियान्वयन किसके द्वारा किया जाता है?

(a) जिलाधीश (b) पंचायत समिति
(c) जिला परिषद (d) ग्राम पंचायत

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) मनरेगा कार्यक्रम का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है। मनरेगा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक परिवार के अकुशल श्रम करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों के लिए 100 दिन का गांरटी युक्त, दैनिक बेरोजगारी भत्ता तथा परिवहन भत्ता (5किमी. से अधिक की दूरी की स्थिति में) का प्रावधान किया गया है। पंचायती राज संस्थानों को मनरेगा के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों के नियोजन कार्यन्वयन और निगरानी हेतु उत्तरदायी बनाया गया है।

1761. निम्न में से कौन सा कथन रूडा के बारे में सही नहीं है?

(a) इनकी स्थापना नवम्बर 1995 में हुई।
(b) यह प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में गैर-कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देता है।
(c) यह तीन उप क्षेत्रों-चमड़ा, ऊन तथ्रर लघु खनिज के अंतर्गत अपनी गतिवधियाँ संचालित करता है।
(d) इसने ब्ल्यू पॉटरी, कीटा डोरिया तथा सांगानेर बगरु हैण्ड ब्लॉक प्रिन्टिंग जैसी शिल्प कलाओं के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों के अंतर्गत भौगोलिक संकेतक पंजीकरण प्राप्त कर लिया है।

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) रूडा (Rural Non Farm Development Agency) की स्थापना नवंबर,1995 में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण गैर-कृषि क्षेत्र (RNFS) को बढ़ावा देने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी के रूप में की गयी थी। रूडा ग्रामीण कारीगरों के लिए ग्रामीण सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एक उप क्षेत्रीय एकीकृत एवं क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण का पालन करता है। रूडा सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है।

1762. मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना किससे संबंधित है?

(a) गरीब लोगों के गृह निर्माण से
(b) बालिका शिक्षा से
(c) कुओं के निर्माण से
(d) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)
RPSC/RAS- 2013

Ans. (d) मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित है। इस योजना का उद्देश्य- राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति। जनजाति/विशेष पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग बी.पी.एल. परिवारों के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षा जैसे भारतीय सिविल सेवा, राजस्थान सिविल सेवा, आई.आई.टी., आई.आई.एम., सी.पी.एम.टी., एन.आई.टी. एवं राजकीय इन्जीनियरिंग एवं मेडिकल आदि में चयन की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर प्रोत्साहित करना।

1763. 'गरड़दा वृहद पेयजल परियोजना' राजस्थान के निम्न में से किस जिले से सम्बन्धित है?

(a) बूँदी
(b) बाराँ
(c) कोटा
(d) झालावाड़

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (a) 'गरड़दा वृहद पेयजल परियोजना' राजस्थान के बूँदी जिले से सम्बन्धित है। इस परियोजना से लगभग 44 गाँवों को पीने का पानी मिल सकेगा।

1764. ''पश्चिमी राजस्थान में निर्धनता दूर करने का प्रोजेक्ट'' (MPOWER) किसके सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है?

(a) एशियन विकास बैंक (ADB)
(b) विश्व बैंक
(c) जापान
(d) आई.एफ.ए.डी

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (d) राज्य सरकार द्वारा जोधपुर संभाग के 6 जिलों में अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) की सहायता से 'पश्चिमी राजस्थान में गरीबी शमन परियोजना (MPOWER) क्रियान्वित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों में स्थाई आजीविका का सृजन करना है ताकि लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हो सके।

1765. राजस्थान राज्य डेयरी विकास निगम की स्थापना किस वर्ष में की गयी थी?

(a) 1970 (b) 1975
(c) 1980 (d) 1985

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018
सकेण्ड ग्रेड संस्कृत शिक्षा -17-02-2019

Ans. (b) 1975 में पंजीकृत राजस्थान राज्य डेयरी विकास निगम (RSDDC) के तत्वाधान में राज्य सरकार द्वारा सत्तर के दशक में डेयरी विकास शुरू किया गया था। दो वर्ष बाद राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन (RCDF) ने RSDDC के कई कार्यों की जिम्मेदारी संभाल ली थी। यह राज्य में ऑपरेशन फ्लड के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है।

1766. राजस्थान में ''ग्रामीण गौरव पथ योजना'' का शुभारम्भ किस वर्ष में हुआ था?

(a) 2014-15 (b) 2015-16
(c) 2018-19 (d) 2019-20

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020